फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत : सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर जिला हनुमानगढ

मंगतूराम बनाम स्टेट

किस्म मुकदमा : **136 LRA**

प्रकरण संख्या 37/ **2025**

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख
19.08.2025	प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थीया द्वारा निवेदन किया गया की रोही मौजा सोनड़ी तहसील नोहर के खाता स0 657/629 की कुल 9.3710 हैक्ट भूमि में से 7163/93710 हिस्सा भूमि प्रार्थी के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है उक्त राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का मंगतुराम पुत्र मुलाराम दर्ज है जो कि गलत है। प्रार्थी का सही व वास्तविक नाम मंगतुराम पुत्र रामलाल दर्ज है, जो की प्रार्थी के समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। प्रार्थी राजस्व रिकार्ड मे अपना नाम मंगतुराम पुत्र रामजीलाल के स्थान पर मंगतुराम पुत्र रामलाल दर्ज करवाना चाहते है, प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावें। तहसीलदार नोहर, भू0अभि0 निरीक्षक एवं पटवारी की जांच रिपोर्ट के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम मुताबिक बैयनामा राजस्व रिकार्ड में मंगतुराम पुत्र रामजीलाल के स्थान पर मंगतुराम पुत्र रामलाल किया जाना उचित है प्रार्थी का नाम सही करने हेतु अनुशंषा की गई है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड में प्रार्थीगण की जाति जाट दर्ज है एवं प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात यथा आधार कार्ड बैयनामा में प्रार्थी का नाम मंगतुराम पुत्र रामलाल दर्ज है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबूतों के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो एवं तहसीलदार, भू0अभि0, पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा सोनड़ी तहसील नोहर के खाता स0 657/629 की कुल 9.3710 हैक्ट भूमि में से 7163/93710 हिस्सा भूमि में प्रार्थी का नाम मंगतुराम पुत्र रामजीलाल के स्थान पर मंगतुराम पुत्र रामलाल का संशोधन किया जाता है। अगर जाति संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्ट में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार नोहर को लिखा जाकर पत्रावली दाखिल दफ्तर हों। Signature Not Verified Digitally signed by Rahul Srivastava Date: 2026.01.15 17:30:02 IST Reason: SelfAttested उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर (हनुमानगढ़)	